लापरवाही

रात समय दिखाई नहीं देते बैरिकेड्स

# गड्ढे भर सड़क पर छोड़े बैरिकेड्स, लग रहा जाम



**जबलपुर, नवभारत।** शहर के मुख्य मार्गो में से एक रसल चौक से शास्त्री पुल ब्लूम चौक मार्ग पर पिछले कई महीनों से बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे। जिसे निगम द्वारा हाल ही के दिनों में मिट्टी भरकर बेतरतीब ढंग से पूर दिया गया। बता दे कि सड़क के गड्ढों को खानापूर्ति के तौर पर भरने के बाद बैरिकेड्स न हटाना एक बड़ी प्रशासनिक लापरवाही है। इन बैरिकेड्स की वजह से आए दिन इस मार्ग पर लंबा जाम लग रहा है। वही रात के समय और बारिश के वक्त यह बेरिकेड्स दिखाई नहीं देते है, जो कभी भी खतरनाक हादसों को न्योता देते के लिए काफी है। वैसे तो शहर के ज्यादातर प्रमुख मार्गों में बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है जिसके चलते आए दिन राहगीर अपनी जान जोखिम में डाल कर सफ़र कर रहे हैं।

### जरा सी नजर चूकी और सीधे दुर्घटना के आसार

खास बात यह है कि शास्त्री ब्रिज मार्ग पर यह गड्ढा अंधे मोड़ पर हैं। ऊपर से इसमें बैरिकेड्स अलग लगा दिए गए हैं। वही इकबाल भवन से आने वाले लोग दिन में तो बचकर निकल जाते हैं लेकिन रात में इन रास्तों पर चलना सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। बीच सड़क पर रखे इस बैरिकेड के कारण कभी भी बड़ी घटना हो सकती हैं। लेकिन अभी तक जिम्मेदारो ने सड़क से इसे हटाया नहीं है। बता दे कि रसल चौक से शास्त्री ब्रिज के लिए सभी चार पहिया वाहन और ज्यादातर दो पहिया वाहन भी इसी मार्ग से निकलकर पहुंचते हैं।बता दें कि इससे पहले इस मार्ग पर दो-दो फीट गहरे और बड़े गड्ढे हो गए थे। जिस कारण सड़क पर राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया था। अब आलम यह है कि जैसे तैसे इन गड्ढों को मिट्टी से तो पूर दिया गया लेकिन अब यहां भारी भरकम बैरिकेट्स छोड़ दिए गए हैं। जिसके कारण अब सड़कों पर जाम लगने लगा है।

**इनका कहना है**

तत्काल ही इस मार्ग से बैरिकेट्स को हटाया जाएगा यातायात में किसी भी तरह का व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कमलेश श्रीवास्तव**
**कार्य यंत्री लोनिवि**

## बिजली कर्मचारियों को सुरक्षा देने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ ने मैदानी क्षेत्रों में तैनात नियमित, संविदा व आउटसोर्स लाइन कर्मियों और मीटर वाचकों के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा की जा रही अभद्रता, मारपीट व अपहरण की घटनाओं पर आक्रोश जताया है। प्रांतीय महामंत्री हरेंद्र श्रीवास्तव के अनुसार, जबलपुर सिटी सर्किल के पश्चिम संभाग में 6 जून को एक आउटसोर्स कर्मी के अपहरण व मारपीट की गंभीर घटना से कर्मियों में दहशत है। उन्होंने राजस्व वसूली और एफओसी जैसे कार्यों में तैनात कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों के विरोध में संघ के मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, लखन सिंह राजपूत, जानकी प्रसाद त्रिपाठी, शशि उपाध्याय, दशरथ शर्मा, विनोद दास और जगदीश मेहरा आदि ने आउटसोर्स कर्मी के साथ हुई घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

# स्वच्छता में नंबर 1 पर आने का दावा साबित हो रहा खोखला

गुरंदी बाजार, मछली मार्केट के पास हालात बदतर



मछली मार्केट के पास का हाल।



गुरंदी बाजार की संकरी गलियों से नहीं उठ रहा कचरा।

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की व्यापारिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र गुरंदी बाजार व मछली मार्केट का इलाका इन दिनों कचरों के ढेर और गंदगी से बजबजाता नजर आ रहा है। कहीं मुख्य सड़क पर कचरे का ढेर लगा हुआ है तो कहीं संकरी गलियों में झाडू तक नहीं लगी है तो कहीं नालियां चोक पड़ी हुईं हैं।

स्थानीय व्यापारियों की माने तो नगर निगम के सफाई अमले को कई बार शिकायत करने के बाद भी हालात जस की तस हैं। ऐसे में शहर को स्वच्छता में नंबर एक पर लाने का जिम्मेदारों का दावा पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। बताया जा रहा है कि इलाके की नालियां पिछले लंबे समय से साफ नहीं हुई हैं जिस कारण गंदगी अब ऊपर दिखने लगी है। जानकारी के अनुसार गुरंदी बाजार की संकरी गलियों से काफी समय से कचरा नहीं उठा है, गुरंदी मुख्य मार्ग पर कचरे का ढेर जमा हुआ है ।

**बारिश में जलभराव का बढ़ा खतरा**

वहीं वर्षाकाल में जलभराव व जलप्लावन के खतरा मंडराने लगा है। गुरंदी क्षेत्र की संकरी गलियों में सफाई व्यवयस्था ने दम तोड़ दिया है। गुरंदी क्षेत्र में मछली बाजार के आसपास नाली नालों व सड़क पर अटा कचरा बाजार आने वाले ग्राहकों की परेशानी बढ़ा रहा है। चूकि गुरंदी बाजार मे बास बल्लियों व मुकादमगंज क्षेत्र में किराना का थोक कारोबार संचालित होता है लिहाजा क्षेत्र मे चौतरफा लगे गंदगी से अंबार से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। एक ओर शहर क स्वच्छता की दौड़ मे लाने शहर का कोना कोना चमकाया जा रहा है वहीं व्यापारिक क्षेत्र गुरंदी में किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा रहा है। स्थानीय व्यापारी राजू, मोहन, रवि सहित अन्य ने नवभारत से कहा है कि समय रहते नगर निगम के जिम्मेदार नहीं जागे तो बारिश के समय गुरंदी का इलाका जलभराव से पूरा पैक हो जाएगा जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ेगा।

# 3 लाख के सरिया चुराने वाले तीन पकड़ाए



**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत तेवर से 90 बंडल लोहे के सरिया कीमती लगभग 3 लाख रूपये चुराने वाले तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

नगर पुलिस अधीक्षक बरगी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि कमलेश अवस्थी 52 वर्ष निवासी पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि लगभग 10 वर्ष से आदिनाथ स्टील्स ग्राम तेवर में मैनेजर के पद पर कार्यरत है, वह आदिनाथ स्टील्स में कार्य देख रहा है। अज्ञात चोर आदिनाथ स्टील्स केम्पस से 90 बंडल लोहे के सरिया कीमती लगभग 3 लाख रूपये के चोरी कर ले गया ।पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीसीटीव्ही खंगाले गये । इस दौरान मिले सुराग के आधार पर भेडाघाट चौक के पास दबिश देते हुये सोनू काछी पिता ब्रजलाल काछी 35 वर्ष निवासी ग्राम पड़वार खेरमाई मोहल्ला बरेला , लेखराम उर्फ गुड्डु पटेल पिता स्व. चन्दू लाल पटेल 40 वर्ष निवासी कंपनी ग्राम तेवर भेड़ाघाट, चेतराम यादव पिता स्व. शंकर लाल यादव 38 वर्ष निवासी तेवर थाना भेड़ाघाट को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया।

**जंगल से 27 बंडल मिले, बाकी कबाड़ियों को बेचा**

टीआई कमलेश चौरिया ने बताया कि पूछताछ में आरोपि यों ने चुराये हुए सरिया के बंडलों में से कुछ सरिया के बंडल कबाड़ियों को बेच दिए ।शेष बचे सरिया के बंडलो को ध्यान केंद्र धुंआधार के पहले जंगल में पिकअप गाड़ी में लोड करके रखना बताये। केंद्र धुंआधार के पहले जंगल में दबिश दी गई जहां पिकअप वाहन में चोरी के सरिया के बंडल लोड मिले तीनों आरोपी के कब्जे से 27 बंडल सरिया कीमती लगभग 2 लाख रुपये के घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन जप्त करते हुए आरोपियों को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

## सभी ग्रामीण एसडीएम तीन दिनों में उड़द-मूंग की गिरदावली का काम पूरा करें

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए उन्होंने सभी ग्रामीण एसडीएम को तीन दिनों के भीतर उड़द और मूंग की गिरदावली का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि 15 जून की अंतिम तिथि से पहले किसानों का पंजीयन सुचारू रूप से हो सके। इसके साथ ही उन्होंने जिले में खाद और डीएपी की उपलब्धता एवं उठाव की भी समीक्षा की। शिविरों का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तकपहुंचाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

# मुखबिरी के शक में पार्सल डिलीवरी बॉय पर पिस्टल से फायरिंग



**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत रामनगर काली मंदिर के सामने बदमाश ने पुरानी रंजिश और मुखबिरी के शक में एक युवक पर सरेराह पिस्टल तान दी। आरोपी ने जान से मारने की नियत से युवक पर दो राउंड फायर किए। इस हमले में युवक बाल-बाल बच गया, लेकिन जान बचाकर भागने के दौरान दीवार से टकराने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई है। घायल को लहूलुहान हालत में तत्काल नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि सूपाताल रामायण मंदिर के पीछे निवासी 29 वर्षीय अंकित लखेरा पार्सल डिलीवरी का काम करता है। लाल बिल्डिंग के पास रहने वाले करन विश्वकर्मा का सूपाताल निवासी अंबर नामक युवक से उसका पुराना विवाद चल रहा है। करन विश्वकर्मा को यह गहरा शक था कि अंकित, उसका दोस्त हर्ष अहिरवार और आर्यन मिलकर उसकी पल-पल की लोकेशन अंबर को दे रहे हैं मुखबिरी कर रहे हैं। इसी शंका के चलते करन, अंकित से बुरी तरह रंजिश रखने लगा था।

### सरेराह घेरा, महिला मित्र स्कूटी संभाले रही और करन ने दाग दी गोलियां

अंकित लखेरा अपने दोस्त हर्ष अहिरवार और आर्यन अहिरवार निवासी रामनगर के साथ रामनगर काली मंदिर के सामने, शाही फर्नीचर की दुकान के पास सड़क पर खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान गढ़ा बाजार वाली रोड की तरफ से आरोपी करन विश्वकर्मा काले रंग की एक्सिस स्कूटी पर अपनी महिला मित्र सोनाली बर्मन के साथ वहां धमका। मौके पर पहुंचते ही सोनाली स्कूटी पकड़कर खड़ी हो गई, जबकि करन विश्वकर्मा ने आव देखा न ताव, तुरंत अपनी कमर से पिस्टल निकाल ली। आरोपी ने अंकित को जान से मारने की नियत से उस पर सीधे दो बार फायर कर दिए।

**जान बचाने भागा पीड़ित, दीवार से टकरा कर हुआ घायल**

अचानक हुई गोलियों की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया। अंकित और उसके दोस्त अपनी जान बचाने के लिए बदहवास होकर वहां से भागे। अंधेरे में भागते समय अंकित का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे एक दीवार से जा टकराया, जिससे उसके सिर में गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी करन विश्वकर्मा चिल्लाकर दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ अपनी महिला मित्र सोनाली के साथ स्कूटी पर बैठकर देवताल चौराहा की तरफ रफूचक्कर हो गया। सूचना के बाद गढ़ा पुलिस तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंची और घायल अंकित के बयान दर्ज किए।पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर करन विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी लाल बिल्डिंग गंगा नगर थाना गढा, एवं सोनाली बर्मन 20 वर्ष शाही नाना झपरिया मोहल्ला को गिरफ्तार कर पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक्सिस जब्त की है।

**एक नजर में**



## संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी होना आवश्यक है: कैलाश जाटव

**जबलपुर।** अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों की रक्षा एवं उनके लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों को संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी होना आवश्यक है। यह बातें मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति के अधिकारों की सुरक्षा व उनके हितों के संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इन प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन में आयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि कानूनों और नियमों का अध्ययन कर तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखेंगे तो संबंधित विभागों के समक्ष समस्याओं का निराकरण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। जाटव ने कहा कि आयोग को प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि समस्याओं एवं मांगों से संबंधित तथ्यात्मक जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों का संकलन कर आयोग को उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनका प्रभावी परीक्षण एवं निराकरण किया जा सके। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने मप्र अनुसूचित जाति आयोग अधिनियम 1995 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे तथा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर आयोग के कार्यों एवं अधिकारों की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## बरसात से पहले बने सड़के

**जबलपुर, नवभारत।** नगर निगम और मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा अमृत जल योजना के अंतर्गत ग्वारीघाट से लेकर रांझी तक बिछाई जा रही पानी की पाइपलाइन का कार्य जिस गति से चल रहा है उसे देखकर लगता है वर्षाकाल में बहुत बड़ा हादसे का सबब बन जाएगा जगह-जगह पाइपलाइन के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं जो दुर्घटना को न्योता दे रहा है जहां पर पाइपलाइन डाली गई है उसके ऊपर मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है एक वर्ष के अंदर 1.5 करोड़ की सड़क पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया के द्वारा अतिकर्मण हटा कर बनाई गई थी ताकि रोड़ पर लोग सुचारू रूप से चल परंतु स्थिति वास्तु स्थिति से प्रति कुल है बरसात में अगर पानी गिरेगा तो वह धस जाएगी और हादसा कभी भी हो सकता है। इस दौरान चुंगी चौकी कांचघर व्यापारी संघ के संजू भोजक, सरमन रजक, एडवोकेट सुधीर शर्मा, डॉ रमा कांत रावत, अतुल गुप्ता, डॉ बालमुकुंद यादव, राजेश पराग विक्की विश्वकर्मा, राजेश मंझार, निक्की बेन, सुनील तिवारी, एडवोकेट अभिषेक शुक्ला, मुकुल यादव, गोपी प्रजापति, दिलीप रैकवार, गगन प्रजापति, राजेश कोल ने जल्द से जल्द सुधार की मांग की है।

# रफ्तार का कहर: 3 की मौत, 6 घायल, जिंदा जला युवक, केबिन में फंसे ड्राइवर की थमी सांसे





**नवभारत, जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की सड़कों पर बेकाबू रफ्तार ने कहर बरपाया ।चौबीस घंटे के भीतर बेलगाम रफ्तार ने तीन जान ली । जबकि आधा दर्जन घायल हुए। माढ़ोताल थाना अंतर्गत खजरी खिरिया बाईपास पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने स्कूटी सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। स्कूटी डंपर के नीचे फंस गई और सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गई। स्कूटी और डंपर दोनों में भीषण आग लग गई। हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दूसरी घटना मझोली थाना अंतर्गत कटंगी-पोला रोड पर हुई जहां अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। मौके का मंजर बेहद हृदयविदारक था। सड़क पर घायल तड़प रहे थे। एक सांस थम चुकी थी । दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जबकि तीसरा दर्दनाक हादसा बरेला थान अंतर्गत नागाघाटी पर शारदा मंदिर के पास ढलान पर हुआ। सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया। हादसे में ट्रक का केबिन बुरी तरह पिचक गया, जिसके अंदर चालक लगभग एक घंटे तक जिंदगी और मौत के बीच जूझता रहा। काफी मशक्कत के बाद जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। कटंगी थाना अंतर्गत सुरैया तिराहे के पास कार की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए ।

### मंजर: सड़क पर तड़प रहे थे घायल

मझोली पुलिस के अनुसार ग्राम पोला निवासी धरमदास (52) को गांव के ही अरविंद ने फोन कर भयावह हादसे की जानकारी दी। अरविंद ने हड़बड़ाते हुए फोन पर कहा, हम लोगों का एक्सीडेंट हो गया है, जल्दी आओ। सूचना मिलते ही धरमदास और पुलिस तुरंत मौके के लिए रवाना हुए। जब पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे, तो वहां का नजारा बेहद हृदयविदारक था। सड़क किनारे अरविंद और चंदन गंभीर रूप से घायल अवस्था में खून से लथपथ पड़े तड़प रहे थे। वहीं उनके साथ मौजूद ज्ञान सिंह ठाकुर (56) की सांसें थम चुकी थीं और उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। अज्ञात वाहन तीनों को कुचलकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला था। पुलिस ने दोनों गंभीर घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

### स्कूटी को घसीटते ले गया डंपर, दोनों वाहनों में लगी आग

माढ़ोताल पुलिस के अनुसार,अजीत सिंह चौधरी 39 वर्ष निवासी शंकरनगर रात करीब एक बजे अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाईपास पर पीछे से आ रहे डंपर ने उसे रौंद दिया। टक्कर के बाद स्कूटी डंपर के अगले हिस्से में लॉक हो गई। डंपर चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय उसे भगाने का प्रयास किया, जिससे सड़क पर घिसटने के कारण दोनों वाहनों में आग लग गई।

**नागाघाटी में लोहा लदे ट्रक का ब्रेक हुआ फेल**

बरेला पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर का रहने वाला चालक इंतशाम अली अपने कंडक्टर के साथ ट्रक क्रमांक यूपी 25 सीटी 9743 में रायपुर छत्तीसगढ़ से भारी मात्रा में लोहा लादकर कानपुर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था। सोमवार दोपहर 12 जैसे ही ट्रक बरेला के पास नागाघाटी की ढलान पर पहुँचा, गाड़ी का ब्रेक सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया ।ब्रेक फेल होते ही लोहे से लदा भारी-भरकम ट्रक अनियंत्रित होकर ढलान पर तेजी से दौड़ने लगा। खतरे को भांपते हुए ट्रक के कंडक्टर ने अपनी जान बचाने के लिए चलते ट्रक से नीचे छलांग लगा दी, जिससे उसे मामूली चोटें आईं। ढलान से नीचे उतरते ही ट्रक को एक जोरदार झटका लगा और उसका भारी केबिन आगे की तरफ पूरी तरह झुककर पिचक गया। इस भयानक टक्कर में ड्राइवर इंतशाम अली केबिन के मलबे के बीच बुरी तरह दब गया। पुलिस क्रेन और गैस कटर लेकर मौके पर पहुँची। केबिन की हालत इतनी खराब थी कि ड्राइवर को निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों के पसीने छूट गए। लगभग एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद इंतशाम को बाहर निकाला जा सका, लेकिन तब तक तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो चुकी थी।



# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में भारी हंगामा

**फीस वृद्धि और अनियमितताओं के खिलाफ एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन**

**कुलपति की गाड़ी पर चिपकाया ज्ञापन**

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस में की गई बेतहाशा वृद्धि और प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। लगभग ढाई घंटे तक चले इस हंगामेदार प्रदर्शन के दौरान कैंपस में भारी तनाव की स्थिति बनी रही। करीब ढाई घंटे तक चले इस प्रदर्शन में जब विश्वविद्यालय का कोई भी प्रशासनिक अधिकारी कार्यकर्ताओं से मिलने नहीं पहुंचा तो छात्रों की अनदेखी से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कुलपति के वाहन पर ज्ञापन चस्पा कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान ज्ञापन चिपकाने को लेकर हस्द्ध कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता विश्वविद्यालय में व्याप्त गंदगी और अनियमितताओं को दर्शाने के लिए हाथों में 'फीस वृद्धि वापस लो', 'छात्रों का शोषण बंद करो' और काकरोच के पोस्टर लिए हुए थे कार्यकर्ताओं का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन सामान्य और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस लगातार बढ़ाकर छात्रों पर आर्थिक बोझ डाल रहा है।

### 7 दिनों का दिया अल्टीमेटम

इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर 7 दिन में फीस वृद्धि वापस नहीं ली गई और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव एजाज अंसारी,प्रतीक गौतम,शफी खान, राहुल यादव,अंकित शुक्ला,वकार खान, अंकित कोरी सहित अन्य शामिल रहे।

# कचरे के ढेर की तरह सड़क पर कई दिनों से पड़े है पेवर ब्लॉक



नगर निगम दिलेरी से खेल रही है और भोली भाली जनता सिर्फ इसके फेर में पिस रही है।

**नवभारत,जबलपुर।** जैसे इन दिनों शहर के अधिकांश इलाकों में कचरा सड़क पर पड़ा हुआ रहता है ठीक उसी की तर्ज पर शहर की सड़कों को आकर्षित दिखाने के लिए लगाए जाने पेवर ब्लॉक कचरे के ढेर जैसे सड़क पर पिछले कई दिनों से पड़े हैं। नया मोहल्ला इलाके की सड़कों पर पड़े इन पेवर ब्लॉकों को देखकर आवाजें उठनीं लगीं हैं कि नगर निगम शहर के गड्ढों को भरना नहीं जानती सिर्फ पेवर ब्लॉक के सहारे ढंकना चाहती है वो भी उदासीनता के साथ।

उधर गंजीपुरा रोड में मौजूद गड्ढे भी लोगों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। जानकारों का दो टूक कहना है कि जनता के द्वारा दिए जाने वाले टैक्स की होली

### भ्रष्टाचार की आंच में घिर रहे जिम्मेदार

सवाल ये भी खड़े हो रहे हैं कि क्या नगर निगम के जिम्मेदारों द्वारा कई दिनों से नया मोहल्ला इलाके में कचरे के ढेर के रूप में पड़े पेवर ब्लॉकों को व्यवस्थित नहीं रखना चाहिए। इससे निगम के जिम्मेदार पेवर ब्लॉकों में भ्रष्टाचार की आंच से भी घिरते नजर आ रहे हैं।

दिशा-निर्देश

बोले, गलतियों पर सुधारात्मक नजरियें से सुधार हो

# डाटा एंट्री में त्रुटि की गुंजाइश नहीं रहे: एसपी



**नवभारत, जबलपुर।** डाटा एंट्री में सीसीटीएनएस कर्मचारी से जो सूक्ष्म गलतियां हो जाती है उन गलतियों पर सुधारात्मक नजरियें से सुधार हो। जिससे भविष्य में डाटा एंट्री में सुधार होकर त्रुटि की गुंजाइश न रहे।

सीसीटीएनएस में सभी प्रकार की प्रविष्टियों को पूर्ण कर अपलोड करें। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने पुलिस कन्ट्रोलरूम में कहते हुए सीसीटीएनएस कार्य की गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए दिशा निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने विवेचना में लंबित गम्भीर अपराधों की समीक्षा करते हुये निकाल के सम्बंध में दिये आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि गुम अवयस्क बालक, बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए हर संभव प्रयास कर करें। सीएम हेल्प लाईन, वरिष्ठ कार्यालयों, जन सुनवाई की शिकायतों का प्राथमिकता के अधार पर निकाल किया जाएं । महिला सम्बंधी घटित हुये अपराधों में संवेदनशीलता बरतते हुये आरोपी की गिरफ्तारी एवं शीघ्र विवेचना पूर्ण कर चालान पेश हो और महिला सम्बंधी शिकायतों का भी त्वरित निराकरण किया जाएं । बैठक में एसपी द्वारा त्रिवार्षिक तुलनात्मक भादवि, बीएनएस, प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी।

**पैदल पैट्रोलिंग कर यातयात सुगम बनायें**

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कहा कि थाना प्रभारी शाम के समय थाना क्षेत्र के बाजार क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर बाजार व्यवस्था बनाते हुये आम रोड पर किये गये अवैध अतिक्रमण जो कि आवगमन में बाधित बन रहे है को चिन्हित करते हुये प्रशासनिक एवं नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा कर हटवायें। सभी दुकानदारों को समझाईश दें कि दुकान के सामने हाथ ठेले न लगने दिया जाएं, ग्राहकों के दो पहिया वाहनों के खड़ा होने के लिए पर्याप्त स्थल रखे व निर्धारित स्थल पर ही दो पहिया वाहन पार्क करवाये। यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएं ।बैठक में एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।